**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 12.03.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में 3 दिवसीय वर्कशॉप शुरू

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण व अनुसंधान संस्थान के सहयोग से विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली पर 3 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य नए शिक्षकों को विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली के बारे में जानकारी देना और उन्हें छात्र केंद्रित कोर्स डिजाइन करने में सक्षम बनाना है। ताकि छात्रों को अपनी रुचि के अनुरूप विषयों का चयन करने और अध्ययन करने का विकल्प मिल सके। कार्यशाला का उद्घाटन कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने किया। वहीं, संचालन एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ के प्रफेसर प्रमोद कुमार ने किया। कुलसचिव ने उच्च शिक्षा में परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली में छात्रों को अपनी पसंद के अनुसार विषय पढ़ने की आजादी मिलती है। इस मौके पर प्रफेसर मुनीष वशिष्ठ, ललित राय, प्रशांत कुमार आदि मौजूद थे।



**कार्यक्रम में कुलसचिव**

**NEWS CLIPPING: 12.03.2020**

**HINDUSTAN**



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में बुधवार को विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। ● हिन्दुस्तान

# नए प्रोफेसरों को सीबीसीएस की जानकारी देंगे

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बुधवार को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), चंडीगढ़ के सहयोग से च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम (सीबीसीएस) पर तीन दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। संस्थान के नए प्रोफेसरों को सीबीसीएस के बारे में जानकारी देना ही इस कार्यशाला का मकसद है। संस्थान के कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने कार्यशाला का शुभारंभ किया।

**NEWS CLIPPING: 12.03.2020**

## PUNJBA KESARI

# 'सीबीसीएस से विद्यार्थियों को मिलती है अपनी पसंद अनुसार पढ़ने की आजादी'

फरीदाबाद, 11 मार्च (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीआर), चंडीगढ़ के सहयोग से 'विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली' पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य नये शिक्षकों को विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली से परिचित करवाना तथा उन्हें विद्यार्थी केंद्रित पाठ्यक्रम डिजाइन करने में सक्षम बनाना है ताकि विद्यार्थियों को अपने रुचि के अनुरूप विषयों का चयन करने तथा अध्ययन करने का विकल्प मिल सके। कार्यशाला का उद्घाटन कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग द्वारा किया गया। कार्यशाला का संचालन एनआईटीटीआर, चंडीगढ़ के पाठ्यचर्या विकास विभाग से प्रो. प्रमोद कुमार सिंगला द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में प्रो. मुनीष वशिष्ठ के अलावा कई अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। प्रो. सिंगला ने प्रतिभागियों को सीबीसीएस के उद्देश्यों और विस्तृत संरचना पर जानकारी दी। कार्यशाला का समन्वय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर ललित राय और प्रशांत कुमार द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए, कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग ने उच्च शिक्षा में परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली के महत्व पर जोर दिया और संकाय सदस्यों से पाठ्यक्रम को एक तरह से डिजाइन करने का आग्रह किया।



*कार्यशाला को संबोधित करते हुए कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग।*

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 12 March 2020 https://epaper.punjabkesari.in/c/49877148

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 12.03.2020**

## DAINIK BHASKAR

# सीबीसीएस से स्टूडेंट्स को मिलती है अपनी पसंद अनुसार पढ़ने की आजादीः डॉ. गर्ग

### जेसी बोस यूनिवर्सिटी में विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली पर कार्यशाला का आयोजन

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) चंडीगढ़ के सहयोग से 'विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली' (सीबीसीएस) पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। इसका उद्देश्य नए शिक्षकों को विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली से परिचित कराकर उन्हें विद्यार्थी केंद्रित पाठ्यक्रम डिजाइन करने में सक्षम बनाना है। जिससे विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुरूप विषयों का चयन कर अध्ययन करने का विकल्प मिल सके। कार्यशाला का उद्घाटन कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग ने किया। इस दौरान एनआईटीटीटीआर चंडीगढ़ के पाठ्यचर्या विकास विभाग के प्रो. प्रमोद कुमार सिंगला ने प्रतिभागियों को सीबीसीएस के उद्देश्यों और विस्तृत संरचना के बारे में जानकारी दी।



फरीदाबाद। कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील कुमार गर्ग।

### कुलसचिव ने दिए टिप्स

कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग ने उच्च शिक्षा में परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली के महत्व पर जोर दिया और संकाय सदस्यों से पाठ्यक्रम को एक तरह से डिजाइन करने का आग्रह किया। जिससे विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली में विद्यार्थियों को अपनी पसंद अनुसार विषय पढ़ने की आजादी मिलती है और बहुविषयक दृष्टिकोण का विकास होता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से वर्ष 2017 में सीबीसीएस की शुरुआत की गई थी।

**NEWS CLIPPING: 12.03.2020**

**AMAR UJALA**

# ‘विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली’ कार्यशाला

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय (विवि) में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) के सहयोग से ‘विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली’ कार्यशाला आयोजित की गई। तीन दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य नए शिक्षकों को विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली से परिचित करवाना रहा। कार्यशाला का उद्घाटन कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने किया। प्रो. प्रमोद कुमार सिंगला ने कार्यशाला का संचालन किया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(यूजीसी) ने वर्ष 2017 में सीबीसीएस की शुरुआत की थी। ब्यूरो